Register Number:

DATE: 17-11-2020

ST. JOSEPH'S COLLEGE (AUTONOMOUS), BANGALORE-27
B.SC. HINDI– III SEMESTER
SEMESTER EXAMINATION: NOVEMBER 2020
HNS 318 : HINDI

Time- 2 1/2 hrs | Max Marks-70

This paper has TWO printed page & THREE parts

भाग - क

प्रश्न 1. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। 10×1=10

1. बीसवीं सदी में भारतीय रॉकेटों के विकास को .... के अठारहवीं सदी के सपने को साकार होने के रूप में देखा जा सकता है।
2. ए पी जे अब्दुल कलाम के पिता का नाम.....................है।
3. हमने राटो का पहला परीक्षण परियोजना शुरू होने के .... महीने में कर लिया था।
4. "वे चीजें जो नुकसान या चोट पहुँचाती है, मेरा मानना है कि दुनिया के इस हिस्से के लोग उनसे भिड़ जाते हैं और अपने सामने आनेवाली इन समस्याओं का डटकर मुकाबला करते हैं। वे इन समस्याओं से पीडित रहने के बजाय उनसे उबरने की कोशिश करते है।" प्रस्तुत कथन के लेखक.................... हैं ?
5. भगवान् शिव के वाहन के प्रतीक रूप में इस हॉवरक्राफ्ट को...................... नाम दिया गया।
6. सन् ....में इसरो सरकारी संस्था बन गई।
7. असल में मैंने पाया कि यह ऐसे व्यक्ति का रोमानी .... था जो पूरी तरह अपने देश के अंतरिक्ष अनुसंधान कार्यक्रम में डूबा हुआ था
8. रक्षामंत्री .... ने अपने साथ आए अधिकारियों द्वारा व्यक्त की गई सुरक्षा संबंधी चिंताओं को नजरअंदाज करते हुए नंदी में उड़ान भरी।
9. "मैं जिसकी बेत से पिटाई करता हूँ वह एक दिन महान व्यक्ति बनता है। मेरे शब्द याद रखिए, यह छात्र विद्यालय और अपने शिक्षकों का गौरव बनने जा रहा हैं।" यह कथन ....का है ?
10. जब द्वितीय विश्वयुद्ध छिड़ा तब ए पी जे अब्दुल कलाम ....वर्ष के थे

प्रश्न 2. निम्नलिखित उद्धरणों में से किन्ही दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 2×8=16

1. 'इस जगह तुम्हारा शरीर तो रह सकता है, लेकिन तुम्हारा मन नहीं। तुम्हारे मन को तो कल के उस घर में रहने जाना है जहाँ हममें से कोई भी रामेश्वरम् से वहाँ नहीं जा सकता और न ही सपनों में देख सकता है।'
2. एक अच्छा नेता कितना अच्छा होता है ? अपने लोगों से कभी भी बेहतर नहीं तथा परियोजना में पूरी टीम के साथ वचनबद्धता में बराबर का भागीदार; न कम न ज्यादा।
3. जो लोग अपने पेशे में शीर्ष पर पहुँचना चाहते हैं, उनके भीतर पूर्ण वचनबद्धता का मूलभूत गुण होना बहुत जरूरी है।
4. 'तुमने दिखा दिया है कि हॉवरक्राफ्ट के विकास में जो बुनियादी समस्याएँ थीं, उन्हें दूर कर लिया गया है। इससे भी शक्तिशाली वाहन तैयार करो और मुझे दूसरी बार की सवारी के लिए बुलाओ।'

प्रश्न 3. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक का उत्तर लिखिए। 1×14=14

1. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम के शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालिए।
2. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम की नज़रों में प्रो. विक्रम साराभाई।
3. एस.एल.वी. परियोजना और ए. पी. जे. अब्दुल कलाम।

प्रश्न 4. निम्नलिखित विषयों में से किन्ही दो पर टिप्पणी लिखिए। 2×5=10

1. पक्षी लक्ष्मण शास्त्री
2. जलालुद्दीन
3. बंगलौर और कानपुर शहर ए. पी. जे. अब्दुल कलाम के नज़र में
4. नासा में ए. पी. जे. अब्दुल कलाम

भाग – ख

प्रश्न 5. ब्यूटीफुल माइंड फिल्म की समीक्षा कीजिए। 1×10=10

भाग - ग

प्रश्न 6. निम्नलिखित अनुच्छेद का संक्षेपण करते हुए उचित शीर्षक दीजिए। 1×10=10

सामाजिक आन्दोलन एक प्रकार का 'सामूहिक क्रिया' है। सामाजिक आन्दोलन व्यक्तियों और/या संगठनों के विशाल अनौपचारिक समूह होते हैं जिनका ध्येय किसी विशिष्ट सामाजिक मुद्दे पर केंद्रित होता है। दूसरे शब्दों में ये ये कोई सामाजिक परिवर्तन करना चाहते हैं, उसका विरोध करते हैं या किसी सामाजिक परिवर्तन को समाप्त कर पूर्वस्थिति में लाना चाहते हैं आधुनिक पाश्चात्य जगत में सामाजिक आन्दोलन शिक्षा के प्रसार के द्वारा तथा उन्नीसवीं शदी में औद्योगीकरण व नगरीकरण के कारण श्रमिकों के आवागमन में वृद्धि के कारण सम्भव हुए। आधुनिक आन्दोलन संसार भर में लोगों को जागृत करने के लिये प्रौद्योगिकी तथा अन्तरजाल का सहारा लेते हैं। भारत के सामाजिक आन्दोलन के सबसे बड़े महानायक डॉ॰ बाबासाहेब आंबेडकर है। डॉ॰ बाबासाहेब आंबेडकर का शक्तिशाली सामाजिक आंदोलन विश्व के सबसे प्रभावशाली आन्दोलनों में से एक है तथा भारत का सबसे प्रभावशाली सामाजिक आंदोलन है। बाबासाहेब का आन्दोलन भारत देश के पिछडे, गरीब, शोषित, दलित लोगों को उनके सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक, राजनैतिक विशेषत: मानव अधिकार देने के लिये था, यह भारत की सबसे बडी सामाजिक क्रांति भी थी। डॉ॰ बाबासाहेब आंबेडकर संविधान निर्माता थे, इसलिए उन्होंने देश शोषित लोगों उनके अधिकारों के लिए संघर्ष किया और उसमें सफलता पाई। डॉ॰ बाबासाहेब आंबेडकर जी के महाड़ सत्याग्रह या चवदार तालाब आंदोलन, नाशिक का कालाराम मन्दिर आंदोलन और दलित बौद्ध आंदोलन प्रसिद्ध है। विश्व के सबसे महान मानवाधिकारी आंदोलनकारीयों में डॉ॰ बाबासाहेब आंबेडकर जी का स्थान शिर्ष पर है।

---------------------XXXXXXXXXXXX--------------------